# प्रादेशिक समाचार बुलेटिन
## आकाशवाणी, लखनऊ।

प्रसारण तिथि : 26.12.2025 प्रसारण समय : 19:20 बजे

---

<u>मुख्य समाचार :–</u>

1. राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने उत्तर प्रदेश सहित 18 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के 20 बच्चों को प्रदान किए प्रधानमंत्री राष्ट्रीय बाल पुरस्कार : कहा– ये पुरस्कार प्राप्त करने वालों के साथ–साथ पूरे देश के बच्चों को करेंगे प्रोत्साहित।
2. वीर बाल दिवस पर प्रदेश भर् में हुआ विविध कार्यक्रमों का आयोजन : मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ लखनऊ मं कीर्तन समागम कार्यक्रम में हुए शामिल, केंद्रीय् राज्य मंत्री बी एल वर्मा ने बदायूं में बालिकाओं को किया सम्मानित।
3. जल जीवन मिशन के तहत गोरखपुर का वनटांगिया गांव जंगल तिनकोनिया नंबर तीन बना प्रदेश का पहला और देश का दूसरा 'जल अर्पण गांव' : गोरखपुर सांसद रवि किशन शुक्ल ने आज ग्रामीणों को जल कलश सौंप कर की जल अर्पण कार्यक्रम की शुरुआत।

और

4. प्रदेश भर में घने कोहरे और भीषण ठंड का प्रकोप जारी : राज्य के कई जनपदों में आज और कल के लिए घने कोहरे और शीत दिवस का रेड अलर्ट।

———————

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने आज नई दिल्ली में वीर बाल दिवस के अवसर पर प्रधानमंत्री राष्ट्रीय बाल पुरस्कार प्रदान किए। इस वर्ष उत्तर प्रदेश सहित 18 राज्यों आर केंद्र शासित प्रदेशों के 20 बच्चों को उनकी उत्कृष्ट उपलब्धियों के लिए सम्मानित किया गया। इन बच्चों में आगरा के बाल वीर अजय राज और जनपद बाराबंकी की निवासी पूजा पाल को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर राष्ट्रपति ने कहा कि ये पुरस्कार इन सभी के साथ–साथ देश भर क बच्चों को प्रोत्साहित करेंगे। बाइट...

*आप जैसे वीर और प्रतिभाशाली बच्चे निरंतर अच्छा काम करते रहेंगे। यह तो शुरुआत है। जिंदगी बहुत उड़ान करने के लिए बाकी है। मुझे लगता है आपके प्रतिभा से भारत जरूर उत्साहित होगा और बहुत सारे बच्चे आपको फॉलो करेंगे। वह भी अपना अपना हुनर दिखाने के लिए वह भी प्रयास जरूर करेंगे।*

ये पुरस्कार वीरता, नवाचार, विज्ञान और प्रौद्योगिकी, खेल और कला के क्षेत्रों में दिए जाते हैं। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सोशल मीडिया पोस्ट के माध्यम से बाल पुरस्कार पाने वाले बच्चों को बधाई दी। आगरा निवासी नौ वर्षीय अजय को अपने पिता को मगरमच्छ के हमले से बचाने में असाधारण वीरता दिखाने के लिए प्रधानमंत्री राष्ट्रीय बाल पुरस्कार से सम्मानित किया गया है। बाइट....

*मेरे पापा छीने चराने गए, चिमल के किनारे प्यास लगी सो पानी भर रहे थे इसलिए पीछे से मगर ने पैर पकड़ लिया तभी मेरे पापा इल्लाए सो मैं लाठी लेकर कूद गया, मैंने 10–15 लाठी मारी तो वह मेरे पर टूटा तो मैं निकल गया, मेरे पापा भी निकल गया। बहुत खुशी हो रही है हमको तो।*

वहीं बाराबंकी जनपद के सिरौली गौसपुर तहसील के डलाई का पुरवा गाँव की रहने वाली पूजा पाल को विज्ञान के क्षेत्र में अनूठे प्रयोग के लिए राष्ट्रीय बाल पुरस्कार से सम्मानित किया गया है। पूजा ने किसानां के स्वास्थ्य को ध्यान में रखते हुए एक धूल रहित थ्रेसर का मॉडल बनाया था। बाइट....

*स्कूल में पढ़ते समय पास के खेत में चल रहे त्रिशा से निकलने वाली धूल जो हमारे स्कूल में आ रही थी, जिसके कारण हम लोगों को पढ़ने और लिखने में सांस लेने में तमाम दिक्कतें होती थी। इस परिस्थितियों को देखकर फिर इस बारे में मैंने सोचने लगी थी। फिर मैंने अपने जाकर राजीव श्रीवास्तव सर से कहा कि सर इसके लिए हम क्या कर सकते हैं जो इस धूल को रोक सकते हैं? लेकिन मां को जब मैंने एक दिन चलने से गेहूं का आटा चलते हुए देखा क्योंकि जितना महीन था सर वह नीचे गिरा जा रहा था और जितना बड़ा था तो उस जाली की उसी ऊपर था। तो हमारे समझ में आया क्यों ना हम इसके बीच में एक जाली लगा दें। तो जितना भूसा बड़ा होगा वह आकर टकराकर आगे गिर जाएगा।*

——————————

वीर बाल दिवस के अवसर पर आज प्रदेश भर में विविध कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ लखनऊ में वीर बाल दिवस एवं श्री गुरु तेग बहादुर जी के 350वें शहीदी वर्ष पर आयोजित कीर्तन समागम कार्यक्रम में शामिल हुए। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को धन्यवाद दिया कि उन्होंने देश भर के सिख समाज की भावना को स्वीकार करते हुए इस दिवस को राष्ट्रीय स्तर पर मान्यता दी। मुख्यमंत्री ने कहा कि इतिहास उन्हीं का बनता है जिनके मन में त्याग और बलिदान का भाव हो। बाइट....

*इतिहास उन्हीं का बनता है, जिनके मन में त्याग और बलिदान का योगदान होता है, करने की इच्छा शक्ति होती है। इतिहास उनका नहीं बनता है, जो तात्कालिक स्वार्थ के लिए समर्पण कर देते हैं। देश समर्पण से नहीं चलता है, देश तो त्याग और बलिदान से होता है। भारत का इतिहास उसी त्याग और बलिदान का इतिहास है और हम कह सकते हैं सिख गुरुओं की परंपरा केवल एक सामान्य परंपरा नहीं है, यह असाधारण है।*

**केन्द्रीय राज्यमंत्री बी एल वर्मा ने बदायूं में कार्यक्रम का शुभारंभ किया। उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रयासों से वीर बाल दिवस वर्ष 2022 से मनाना प्रारंभ किया गया। उन्होंने खेल प्रतियोगिताओं में बेहतरीन प्रदर्शन करने वाली चौदह बालिकाओं को सम्मानित किया।**

**———————**

**राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने आज अयोध्या के कटरा मोहल्ला स्थित प्राथमिक विद्यालय का निरीक्षण किया। उन्होंने शिक्षकों से बातचीत कर बच्चों की शिक्षा पर विशेष ध्यान देने और गुणवत्तापूर्ण पढ़ाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। इसके बाद राज्यपाल ने 15 वार्डों में निर्माणाधीन 70 नवीन आंगनबाड़ी केंद्रों का निरीक्षण किया।**

**———————**

**ब्रेक**

**यह समाचार आप आकाशवाणी लखनऊ से सुन रहे हैं।**

**ताज़ा समाचार जानने के लिये आप हमारी वेबसाइट न्यूज़ ऑन ए0आई0आर0 डॉट जी0ओ0वी0 डॉट आई0एन0 पर लॉगिन कर सकते हैं। इसके साथ ही आप प्रादेशिक**

समाचारों का यह बुलेटिन हमारे यूट्यूब चैनल न्यूज ऑन एआईआर लखनऊ पर भी सुन सकते हैं।

———————————

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और प्रदेश सरकार के प्रयासों से नई पहचान पाए गोरखपुर के वनटांगिया गांव जंगल तिनकोनिया नंबर तीन के नाम एक बड़ी उपलब्धि जुड़ गई है। जल जीवन मिशन के तहत यह गांव प्रदेश का पहला और देश का दूसरा 'जल अर्पण गांव' बन गया। गोरखपुर के सांसद रवि किशन शुक्ल ने आज अधिकारियों के साथ वनटांगिया गांव के प्रधान और ग्रामीणों को जल कलश सौंपकर जल अर्पण कार्यक्रम की शुरूआत की। मिशन के तहत यह राज्य का ऐसा पहला गांव बन गया है जहां प्रत्येक घर में चौबीस घंटे नल से जल की आपूर्ति हो रही है।

———————————

पुणे के फ़िल्म एंड टेलीविज़न इंस्टीट्यूट ऑफ़ इंडिया–एफटीआईआई के तत्वावधान में आज राजधानी लखनऊ पाँच दिवसीय 'बेसिक कोर्स इन फ़िल्म एप्रिसिएशन' का शुभारंभ हुआ। कोर्स के अन्तर्गत अगले पांच दिनों तक विशेष सिनेमा प्रशिक्षण दिया जाएगा। इस मौके पर एफटीआइआई के कुलपति धीरज सिंह ने कोर्स के बारे में बताते हुए कहा कि काफी दिनों से लखनऊ में

**एफटीआईआई की उपस्थिति को बढ़ाने की योजना थी। यह उस दिशा में संस्थान का पहला कदम है। बाइट...**

*65 साल के अपने इतिहास में एफटीआई ने बहुत काम किए पर किसी ना किसी तरीके से उत्तर भारत में हमारे पद चिन्ह थोड़ा कम पड़े। तो यह पहला ऐसा स्टेप है जो हम लोग लखनऊ में ले रहे हैं। इसीलिए चूस भी हम लोगों ने फिल्म एप्रिसिएशन कोर्स किया है बजाय किसी टेक्निकल कोर्स को चूस करने के तो यह वजह थी कि यहां आना और मुझे यहां के उत्साह को देखते हुए लगता है कि यह एक अच्छा कदम है।*

——————————

**अयोध्या में भगवान श्रीरामलला की प्राण प्रतिष्ठा की दूसरी वर्षगांठ प्रतिष्ठा द्वादशी इस वर्ष 31 दिसंबर को मनाई जाएगी। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह भी शामिल होंगे। श्रीरामजन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के महासचिव चंपत राय ने बताया कि कल से ही धार्मिक अनुष्ठानों की शुरुआत हो जाएगी। बाइट....**

*योगा योग ऐसा है, सन 2025 में 11 जनवरी को पौष शुक्ल द्वादशी का दिन था। परंतु 2025 वर्ष में ही 31 दिसंबर पौष शुक्ल द्वादशी है। प्रतिष्ठा द्वादशी द्वितीय पाटोत्सव हमारे आयोजन हिंदी पंचांग के अनुसार भारतीय पंचांग के अनुसार होंगे। हम अपने आयोजन 27 दिसंबर से प्रारंभ करेंगे और कुछ आयोजन 31 तारीख को पूरे हो जाएंगे। कोई आयोजन 1 जनवरी को पूरा होगा और कोई दूसरा आयोजन 2 जनवरी को पूरा हो जाएगा।*

——————————

**केन्द्रीय कृषि और ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा है कि विकसित भारत जी राम जी योजना के अंतर्गत वर्ष 2047 तक विकसित भारत के लक्ष्य को पूरा करने के लिए ग्रामीण क्षेत्रों में कई विकास कार्य किए जाएंगे। उन्होंने कहा कि इस योजना के अंतर्गत प्रत्येक**

ग्रामीण परिवार के लिए वैधानिक मजदूरी रोजगार गारंटी बढ़ा दी गई है।

*सौ से सवा सौ दिन हम रोजगार कर रहे हैं तो पैसे भी ज्यादा लगेंगे। इस साल प्रस्तावित बजट था 25–26 का 88 हजार करोड अब जो प्रस्तावित है वो है एक लाख 51 हजार 282 करोड रूपया। अकेले केन्द्र सरकार 95 हजार करोड़ रुपये से ज्यादा रूपया इसमें खर्च करेगी। गांव में विकास के सारे काम इस योजना के माध्यम से किए जांएगे।*

——————————

प्रदेश भर में घने कोहरे और भीषण ठंड का प्रकोप जारी है। मौसम विभाग ने प्रदेश के कई जनपदों में आज और कल के लिए घने कोहरे और शीत दिवस का रेड अलर्ट जारी किया है। वहीं पूर्वी उत्तर प्रदेश के अधिकांश हिस्सों के लिए अत्यन्त शीत दिवस का रेड अलर्ट है।

——————————